मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-241
08/09/2019

पूर्व केन्द्रीय मंत्री, राज्यसभा सांसद एवं वरिष्ठ अधिवक्ता राम जेठमलानी के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 08 सितम्बर 2019 :– पूर्व केन्द्रीय मंत्री, राज्यसभा सांसद एवं सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता राम जेठमलानी के निधन पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने अपने शोक संदेश में कहा है कि पूर्व केन्द्रीय मंत्री राम जेठमलानी का निधन दुखद है, वे राजनेता के साथ–साथ देश के सबसे बेहतरीन वकीलों में गिने जाते थे। उनके निधन से सामाजिक, राजनीतिक एवं न्यायिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******